प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय श्री नंदलाल गादिया स्मृति डिबेट–2024 में किया प्रतिभाग

पन्तनगर। 3 मार्च, 2024। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण के निर्देशन में यूनिवर्सिटी लिटरेरी टीम द्वारा विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने अंग्रेजी एवं हिन्दी में डिबेट हेतु मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौडगढ़ (राजस्थान) में आयोजित 'अखिल भारतीय श्री नंदलाल गादिया स्मृति डिबेट–2024' में प्रतिभाग किया जिसका विषय 'भारत में जाति जनगणना राष्ट्रीय हित में है' था। डिबेट में कुल 200 विश्वविद्यालयों ने प्रतिभाग किया जिसमें पन्तनगर विश्वविद्यालय को अंग्रेजी डिबेट में प्रथम एवं हिन्दी डिबेट में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही पन्तनगर विश्वविद्यालय को अंग्रेजी एवं हिंदी डिबेट के स्कोर को मिलाकर ओवरऑल रनिंग ट्रॉफी भी प्राप्त हुई। डिबेट में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार विश्वविद्यालय की बीएससी एजी (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष की छात्रा शंभवी को दिया गया। हिंदी डिबेट में विश्वविद्यालय की छात्रा शगुन एवं अनिशिखा दूसरे स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों के इस सफल प्रदर्शन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा इस हेतु उन्होंने विद्यार्थियों एवं उनकी टीम को बधाई भी दीं।

विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण।

निदेशक संचार